मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-97
23/02/2021

हम सबको मिलकर बिहार को आत्मनिर्भर एवं स्वाबलंबी बनाना है, बिहार को और आगे बढ़ाना है :– मुख्यमंत्री

पटना 23 फरवरी 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित होने के बाद बिहार विधानमंडल परिसर में पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित होने के लिये बिहार विधानसभा और विधान परिषद के सभी सदस्यों को धन्यवाद देता हूं। अभिभाषण में बिहार के विकास के लिए जो महत्वपूर्ण विषय हैं और जो विकास के लिए काम किये गये हैं, उसके बारे में चर्चा की गयी। कल पेश किये गये बजट में भी विकास की नीतियों और कार्यक्रमों के लिये किये गये प्रावधानों की जानकारी दी गयी। हम सबको मिलकर बिहार को आत्मनिर्भर एवं स्वाबलंबी बनाना है, बिहार को और आगे बढ़ाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन में सभी सदस्यों को अपनी बातें रखने का अधिकार है। सदन में चर्चा के दौरान कृषि, स्वास्थ्य, सड़क सहित सभी क्षेत्रों में विकास कार्यों की जानकारी दी गयी। बिहार में लोगों की आमदनी बढ़ी है। इससे स्पष्ट है कि बिहार आगे बढ़ रहा है और आने वाले समय में और आगे बढ़ेगा। यही हम सब लोगों की इच्छा है। उन्होंने कहा कि मैथिली भाषा से हमलोगों को काफी लगाव है। बिजली के क्षेत्र में वन नेशन वन रेट हो यह हमलोगों की इच्छा है। इस बात को हमलोगों ने नीति आयोग की बैठक में भी रखा है। बिहार में बाहर से आने वाली बिजली की दर ज्यादा है। सभी राज्यों के लिए बिजली का एक रेट हो जाय तो अच्छा होगा। उन्होंने घोड़परास की समस्या से संबंधित प्रश्न के जवाब में कहा कि इसके समाधान के लिए लोगों से सुझाव लिये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में अब प्रजनन दर घटकर 3.2 हो गया है। हमलोग प्रजनन दर को और कम करना चाहते हैं। सभी पंचायतों में प्लस 2 उच्च माध्यमिक विद्यालय बनाने की योजना पर काम चल रहा है। 9वीं क्लास की पढ़ाई बची हुयी पंचायतों में भी शुरु कर दी गयी है और उन्हें आगे 12वीं क्लास तक पढ़ाया जायेगा। लड़कियों के शिक्षित होने से स्वाभाविक रुप से प्रजनन दर घटेगा। लड़कियों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इंटर पास अविवाहित लड़कियों को 25 हजार रुपये तथा ग्रैजुएट पास विवाहित या अविवाहित लड़कियों को 50 हजार रुपये की राशि राज्य सरकार दे रही है। बिहार में प्रजनन दर घटेगा और एक स्तर पर नीचे आने के बाद स्थिर हो जायेगा। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने सर्वे कराया था उसके आधार पर भविष्य को देखते हुए इस पर काम कर रहे हैं। राज्य सरकार सभी वर्गों के हितों के लिए कार्य कर रही है। समाज के हर तबके के लोगों के लिए काम कर रही है। किसी धर्म, मजहब अथवा किसी जाति बिरादरी के हों, सबके लिए काम किया जा रहा है। जो हाशिये पर हैं उनको मुख्यधारा से जोड़ने के लिए हमलोग विशेष योजनाएं चला रहे हैं। अनुसूचित जाति–जनजाति, अति पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग, महिलाओं के साथ–साथ सभी वर्गों के उत्थान के लिए काम किया जा रहा है। हम सबकी इज्जत करते हैं। समाज में प्रेम, भाईचारा और सद्भाव का भाव रहे इसी दृष्टिकोण से मिलकर काम करना है।

******